41

दो अत्यन्त महत्वपूर्ण घोषणाएं

(16:13-20)

पतरस का मसीह को परमेश्वर के पुत्र के रूप में अंगीकार करना मत्ती की पुस्तक में एक महत्वपूर्ण चिह्न है। सुसमाचार का वृत्तांत यीशु की पहचान ईश्वरीय मसीहा अर्थात परमेश्वर के पुत्र के रूप में देते हुए आरम्भ होता है (1:1, 16, 17, 20, 23)। यीशु के बपतिस्मा लेने के बाद, परमेश्वर ने उसे अपना पुत्र माना (3:17)। यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले ने मसीह का रास्ता साफ़ किया था (3:11, 12) परन्तु बाद में वह यह सुनिश्चित करना चाहता था कि क्या यीशु ही वह मसीह है, जिसका उस ने मार्ग तैयार किया है (11:2-6)। लोग बार-बार यीशु की शिक्षा और आश्चर्यकर्मों से चकित होते थे (4:24, 25; 7:28, 29; 9:31, 33; 13:54; 15:31)। कुछ लोगों ने विशेषकर उसके अपने नगर नासरत में (13:57) और धार्मिक अगुओं ने उसे ठुकराया था (9:3; 12:24)। अन्यों ने उसे दाऊद की संतान बताया था (9:27; 12:23; 15:22)। चेलों ने स्वयं तूफ़ान को थामने के बाद यीशु से उस की पहचान पूछी थी: ''यह कैसा मनुष्य है कि आंधी और पानी भी उस की आज्ञा मानते हैं ?'' (8:27)। उसके पानी पर चलने के बाद उन्होंने कहा था, ''सचमुच, तू परमेश्वर का पुत्र है'' (14:33)। यह घोषणा पतरस द्वारा किए गए उस अच्छे अंगीकार की परछाईं का काम करती है, जो शांत माहौल में किया गया था।

पतरस: ''तू मसीह है'' (16:13-16)

[13]यीशु कैसरिया फिलिप्पी के प्रदेश में आया और अपने चेलों से पूछने लगा, ''लोग मनुष्य के पुत्र को क्या कहते हैं?'' [14]उन्होंने कहा, ''कुछ तो यूहन्ना बपतिस्मा देने वाला कहते हैं और कुछ एलिय्याह, और कुछ यिर्मयाह या भविष्यवक्ताओं में से कोई एक कहते हैं।'' [15]उस ने उनसे कहा, ''परन्तु तुम मुझे क्या कहते हो?'' [16]शमौन पतरस ने उत्तर दिया, ''तू जीवते परमेश्वर का पुत्र मसीह है।''

आयत 13. गलील की झील के पूर्वी तट पर (16:5) बैतसेदा में उतरने के बाद (मरकुस 8:22) **यीशु** और उसके चेले **कैसरिया फिलिप्पी के प्रदेश में** उत्तर की ओर लगभग 25 मील तक गए। ''प्रदेश'' के स्थान पर मरकुस 8:27 में ''गांवों'' है। यह इलाका जिसके चश्मों में से यरदन नदी में पानी जाता था[1] हरमोन पहाड़ के नीचे था। यह पुराने नियम के नगर दान के निकट था, जो इस्राएल की उत्तरी सीमा पर था। यह उत्तरी स्थिति ''दान से बेर्शेबा तक'' की लोकोक्ति जैसी अभिव्यक्ति में मिलती है,[2] जो पूरे इस्राएल को दर्शाती थी।[3]

पुराने नियम के इस स्थान को बाल की पूजा के लिए जाना जाता था (यहोशू 11:17; न्यायियों 3:3; 1 इतिहास 5:23)। हेलेनिस्टिक या यूनानी काल के दौरान इस नगर का नाम

''पनियास'' रखा गया था। यूनानी देवता पान के सम्मान के लिए चट्टान में वेदियां खोदी गई थीं और एक मिथ्य में यह दावा किया गया था कि उस का जन्म पास की एक गुफ़ा में हुआ था। पान को अर्ध-बकरी और अर्ध-मनुष्य के रूप में दिखाया जाता था। चरवाहों, झुण्डों, खेतों, उपवनों और जंगलों का देवता होने के कारण उसे उपज देने और बहार के मौसम से जोड़ा जाता था।

''कैसरिया'' को चौथाई के हाकिम फिलिप्पुस द्वारा अगस्तुस कैसर के लिए नाम दिया गया था,[4] जिसने बाद में अपने आपको सम्मान देने और इसे एक और कैसरिया से जो भूमध्य तट पर बड़ा बन्दरगाह नगर था, से अलग करने के लिए ''फिलिप्पी'' जोड़ दिया (प्रेरितों 8:40; 12:19; 23:33)।[5] कैसरिया फिलिप्पी में अगस्तुस कैसर के सम्मान में हेरोदेस महान ने एक मन्दिर बनवाया था।[6] नगर में अधिक जनसंख्या चाहे अन्यजातियों की थी पर कुछ यहूदी भी वहां रहते थे।[7]

कितनी अजीब बात है कि यीशु ने स्वर्ग के राज्य के आने की घोषणा करने के लिए इस स्थान को चुना! उस समय पृथ्वी पर सबसे शक्तिशाली शासक को समर्पित स्थान पर यीशु ने अपने स्वयं के राज्य अर्थात कलीसिया की बात की, जिसने कुछ ही सालों में उस सांसारिक साम्राज्य को निगल जाना था। उसके राज्य के आने से दानिय्येल 2:44, 45 की भविष्यवाणी पूरी होनी थी।

कैसरिया फिलिप्पी के आसपास के इलाके में प्रवेश करते हुए यीशु ने अपने चेलों से पूछा, ''**लोग मनुष्य के पुत्र को क्या कहते हैं**?'' ''मनुष्य के पुत्र'' की अभिव्यक्ति का इस्तेमाल दानिय्येल में भविष्यवाणी वाले मसीहा के सम्बन्ध में किया गया है (दानिय्येल 7:13)। यहेजकेल भविष्यवक्ता को कहे परमेश्वर के वचनों में आम तौर पर इसका अर्थ ''मनुष्य'' होता है, यानी जो इस संसार में जन्मा है। अपनी बात करते हुए यीशु ने सबसे अधिक इसी शब्द का इस्तेमाल किया, जो उसके मनुष्य होने पर ज़ोर देता है (8:20 पर टिप्पणियां देखें)। बेशक उस ने यह सवाल उन बेशुमार अनुमानों के कारण पूछा था, जो उस की पहचान के बारे में लोगों में फैले हुए थे।

आयत 14. आरम्भ में चेलों ने उत्तर दिया कि **कुछ** लोग मानते हैं कि यीशु **यूहन्ना बपतिस्मा देने वाला** है। जैसा पहले ध्यान दिलाया गया है, उन लोगों में हेरोदेस अन्तिपास भी था। उस का मानना था कि यीशु मुर्दों में से जी उठा यूहन्ना बपतिस्मा देने वाला ही है, यह विचार यीशु के आश्चर्यकर्म करने की सामर्थ के कारण पाया जाता था (14:2 पर टिप्पणियां देखें)।

कुछ यह मानते थे कि यीशु **एलिय्याह** है। शायद उनकी जीवन शैली मिलती-जुलती थी और उनके संदेश भी कुछ कुछ मेल खाते थे। इसके अलावा मलाकी नबी ने भविष्यवाणी की थी कि एलिय्याह आएगा (मलाकी 4:5)। यीशु ने यह कहते हुए कि एलिय्याह यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले के रूप में आ चुका है, इस भविष्यवाणी का अर्थ समझाया (मत्ती 11:14 पर टिप्पणियां देखें)।

कुछ यह मानते थे कि यीशु **यिर्मयाह** है। सम्भवतया यीशु और पुराने नियम के नबी के बीच सबसे चौंकाने वाली समानता परमेश्वर के लोगों के लिए उनकी चिंता है। यिर्मयाह को ''रोने वाला नबी'' के रूप में जाना जाता था। वह अपने लोगों के पापों के लिए रोता था और उस ने मन फिराव की उनकी असफलता पर विलाप करते हुए विलापगीत पुस्तक लिखी थी।

यीशु खुलेआम रोया था और ''वह दुखी पुरुष था, रोग से उस की जान पहचान थी'' (यशायाह 53:3)। उस ने यरूशलेम के विनाश की पूर्वसूचना दे दी (मत्ती 24:1-28) और नगर पर रोया था क्योंकि लोग मन नहीं फिरा पाए थे (लूका 19:41)। यिर्मयाह और यीशु दोनों ने यहूदी अगुओं के हाथों दुख सहा था।

इनमें से कुछ बातें यीशु की सेवकाई में अभी तक नहीं घटी थीं, तो लोगों ने उसे यिर्मयाह के साथ क्यों मिला दिया? यह माना जाता है कि यिर्मयाह की मृत्यु का वर्णन पवित्र शास्त्र में नहीं है, इस कारण यहूदियों का विश्वास होगा कि उसे स्वर्ग में उठा लिया गया था और मसीहा की अमर संगति में मिल गया था।[8] इसके अलावा सीडेपिग्राफा (छद्म लेख) की एक पुस्तक में यशायाह के साथ यिर्मयाह को परमेश्वर के लोगों की सहायता करने के लिए लौटते हुए दिखाया गया है।[9] परन्तु कुछ विद्वानों का मानना है कि यहूदी धर्मशास्त्र में बाद में यह जोड़ा जाना मसीही लोगों ने किया था।

यीशु की एक और पहचान दी गई कि वह **भविष्यवक्ताओं में से कोई एक** था। इस सामान्य उत्तर ने यीशु को बिना किसी विशेष भविष्यवक्ता की ओर संकेत करते हुए, पुराने नियम के भविष्यवक्ताओं के साथ जोड़ दिया। लोगों का मानना था कि ''पुराने भविष्यवक्ताओं में से कोई जी उठा है'' (लूका 9:8, 19)।

आयत 15. दूसरे क्या कहते हैं कि इस चर्चा के बाद यीशु ने फोकस प्रेरितों की ओर कर दिया: ''**परन्तु तुम मुझे क्या कहते हो**?'' यूनानी भाषा में ''तुम'' सर्वनाम पर ज़ोर दिया गया है। यीशु ने अपनी पहचान के बारे में दूसरे लोगों के विचार पूछे थे, परन्तु उस ने अपने प्रेरितों से उनके *अपने* विश्वास के बारे में पूछा। वह वास्तव में जो था इस पर उनके अलग-अलग विचार हो सकते थे, परन्तु अब उनके लिए सही निर्णय लेने का समय था। पृथ्वी पर उस का समय बीतता जा रहा था और इन लोगों को उस ने अपने काम को जारी रखने के लिए पीछे छोड़ना था। उस में विश्वास आवश्यक था, नहीं तो उनका मिशन सफल नहीं होना था।

आयत 16. शमौन पतरस ने उत्तर दिया, ''तू जीवते परमेश्वर का पुत्र मसीह है।'' पतरस आमतौर पर चेलों के प्रवक्ता का काम करता था (14:28; 15:15; 16:16; 17:24-27; 18:21)। इस अवसर पर उसके अंगीकार में दो भाग थे। पहले तो उस ने यीशु ''मसीह'' के रूप में पहचाना। इसके अलावा उस ने यीशु को ''जीवते परमेश्वर का पुत्र'' कहा।[10]

पतरस के लिए यह कहने का कि यीशु ''मसीह'' है अर्थ था कि वह उसे मसीहा के रूप में पहचान रहा था, जिसकी वे बड़ी देर से प्रतीक्षा कर रहे थे। ''मसीहा'' के लिए अनुवाद हुए इब्रानी शब्द (*Mashiach*) का यूनानी समानांतर शब्द (*Christos*) है। यह इस बात का संकेत देता था कि परमेश्वर का ''अभिषिक्त'' होने के लिए वह परमेश्वर का चुना हुआ था।

इसकी भाषा जैतून के तेल के साथ भावी राजा के सिर का अभिषेक करने वाले नबी या प्राचीनों के समूह जैसे अधिकार वाले लोगों के व्यवहार से ली गई है (1 शमूएल 16:13; 2 शमूएल 2:4; 5:1-3)। यहोवा की ओर से अभिषिक्त इस्राएल के ऊपर राजा को पृथ्वी के ऊपर परमेश्वर के प्रतिनिधि के रूप में देखा जाता था (भजन संहिता 2:2, 6)। यीशु के समय के लोग दाऊद से की गई प्रतिज्ञाओं के आधार पर अनन्त सिंहासन पाने वाले मसीहा की प्रतीक्षा कर रहे थे (2 शमूएल 7:16)।[11] शमौन पतरस के भाई अन्द्रियास ने जल्दी से यीशु को उनकी

पहली मुलाकात पर ही मसीहा घोषित कर दिया था (यूहन्ना 1:41)। नतनएल ने उसे ''इस्राएल का राजा'' कहा था (यूहन्ना 1:49) जो यह कहने का दूसरा ढंग था कि यीशु ही मसीहा है।

''जीवते परमेश्वर का पुत्र'' भी मसीहा से सम्बन्धित शीर्षक था, परन्तु इसमें गहरा अर्थ पाया जाता था (2 शमूएल 7:14; भजन संहिता 2:7; 89:26, 27; इब्रानियों 1:5-14)। कुछ चेलों ने पहले ही यीशु को परमेश्वर के पुत्र के रूप में मान लिया था। नतनएल ने गलील में यीशु के तूफ़ान थामने के बाद बारह प्रेरितों की तरह (14:33) ऐसी बात कही थी (यूहन्ना 1:49)। पतरस ने जीवन की रोटी पर प्रभु के प्रवचन के बाद यीशु में ''परमेश्वर का पवित्र जन'' के रूप में अपने विश्वास का अंगीकार किया था (यूहन्ना 6:68, 69)। यह कहकर कि वह ''परमेश्वर का पुत्र'' है, वह उस की सामर्थ और ईश्वरीयता को मान रहे थे। वे परमेश्वर के साथ यीशु के विलक्षण सम्बन्ध की बात कर रहे थे। उस का पिता ''जीवता परमेश्वर'' था। परमेश्वर के लिए पुराने नियम में यही पदनाम पाया जाता था, जो उसे काफिरों की बेजान मूर्तियों से अलग करता था (व्यवस्थाविवरण 5:26; यहोशू 3:10; भजन संहिता 42:2; दानिय्येल 6:20; होशे 1:10)। भाषा निश्चित रूप में कैसरिया फिलिप्पी के इलाके के लिए उपयुक्त थी, जहां बाल, पान, और कैसर अगस्तुस की पूजा की जाती थी।

यीशु: ''मैं अपनी कलीसिया बनाऊंगा'' (16:17, 18)

[17]यीशु ने उस को उत्तर दिया, ''हे शमौन, योना के पुत्र, तू धन्य है; क्योंकि मांस और लहू ने नहीं, परन्तु मेरे पिता ने जो स्वर्ग में है, यह बात तुझ पर प्रगट की है। [18]और मैं भी तुझ से कहता हूं कि तू पतरस है, और मैं इस पत्थर पर अपनी कलीसिया बनाऊंगा, और अधोलोक के फाटक उस पर प्रबल न होंगे।''

आयत 17. यीशु ने पतरस को इस सच्चाई का ज्ञान होने और उसके ज्ञान के स्रोत के कारण **धन्य** कहा। ''धन्य'' शब्द उस व्यक्ति को दर्शाता है, जिसके पास अत्यन्त प्रसन्न होने का कारण है (5:3-12; 11:6; 13:16; 24:46)।

पतरस ''धन्य'' था क्योंकि यह सच्चाई उस पर मनुष्यों (**मांस और लहू**) के द्वारा नहीं, बल्कि **पिता** द्वारा **जो स्वर्ग में है** प्रगट की गई थी। जॉन लाइटफुट ने ''मांस और लहू'' वाक्यांश की ओर ध्यान दिलाया है, जो यहूदी लेखों में असंख्य बार मिलता है और मनुष्यों को परमेश्वर से अलग करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।[12] नये नियम में यह मनुष्यों की निर्बलता पर भी ज़ोर देता है (1 कुरिन्थियों 15:50; गलातियों 1:16; इफिसियों 6:12; इब्रानियों 2:14)। NEB में आयत 17 में इस वाक्यांश का अनुवाद ''नश्वर मनुष्य'' किया गया है।

यह तथ्य पिता द्वारा प्रकट की सच्चाई को मसीह द्वारा दी गई शिक्षा और आश्चर्यकर्मों से मिलाया जा सकता है (11:25, 26)। यीशु ने यह स्पष्ट कर दिया कि उस का संदेश और उस का मिशन परमेश्वर की ओर से थे (यूहन्ना 4:34; 5:30; 6:38, 39; 7:16)। इसलिए यीशु की सेवकाई के पतरस के मूल्यांकन से उसे यीशु में मसीह अर्थात परमेश्वर का पुत्र होने के रूप में विश्वास आया (14:33; यूहन्ना 6:69)। एक और सम्भावना है कि पवित्र आत्मा ने सीधे तौर पर पतरस को यह सच्चाई दी। आखिर यह परमेश्वर की प्रेरणा का युग था (2 पतरस 1:20,

21)। परमेश्वर आज भी लोगों पर यीशु की पहचान प्रगट करता है, परन्तु वह अपनी प्रेरणा से दिए गए वचन के द्वारा ही करता है (रोमियों 10:13-17)।

यीशु ने पतरस को **शमौन, योना के पुत्र** अर्थात ''शमौन बार योना'' कहा। ''बार'' अरामी भाषा का शब्द है, जो इब्रानी भाषा के शब्द ''बेन'' से मेल खाता है। दोनों का अर्थ ''का पुत्र'' है। पतरस ''योना'' नामक एक व्यक्ति का पुत्र था। यीशु ने अपनी पहली मुलाकात के समय पतरस को इसी नाम से पुकारा था (यूहन्ना 1:42)। उस ने अपने जी उठने के बाद गलील की झील के तट पर भी तीन बार कहा (यूहन्ना 21:15-17)।

आयत 18. यीशु ने पतरस के पास घोषणा की, **''मैं भी तुझ से कहता हूं, तू पतरस है, और मैं इस पत्थर पर अपनी कलीसिया बनाऊंगा।''** अपनी पहली मुलाकात के समय (यूहन्ना 1:42) उस ने शमौन को अरामी भाषा का नाम ''कैफा'' दिया था, जिसका अर्थ है ''चट्टान'' (देखें अय्यूब 30:6; यिर्मयाह 4:29)। इस नाम का यूनानी समानांतर शब्द ''पतरस'' (*Petros*) है जो एक पुरुषवाचक शब्द है, जिसका अर्थ है ''पत्थर।''[13] जब यीशु ने कहा, ''मैं इस पत्थर पर अपनी कलीसिया बनाऊंगा,'' तो वह शमौन को दिए नाम पर शब्दों का खेल खेल रहा होगा। यीशु की बात में ''पत्थर'' (*petra*) के लिए यूनानी शब्द स्त्रीलिंग में है और यह ''मूल सिद्धांत या विशाल चट्टान'' का अर्थ देता है।[14] हो सकता है कि कैसरिया फिलिप्पी के आस-पास की पथरीली चोटियों से ऐसा रूपक ध्यान में आया हो।

यीशु चाहे अन्यजातियों के साथ यूनानी भाषा में बातें करता हो (15:21-28), परन्तु उस ने अपने चेलों के साथ बातें करते हुए यहां पर आरामी भाषा ही इस्तेमाल किया होगा। यदि ऐसा है तो उस ने ''पतरस'' और ''पत्थर'' दोनों के लिए एक ही अरामी शब्द (*keypap'*) इस्तेमाल किया होगा। यदि ऐसा है तो यीशु की बात को यूनानी भाषा में अनुवाद करते हुए मत्ती ने स्वाभाविक रूप में आरामी भाषा के शब्द का अर्थ देने के लिए स्त्रीलिंग संज्ञा *पैट्रा* का इस्तेमाल किया। परन्तु केवल पुरुषवाचक *पैट्रोस* का ही इस्तेमाल करना सही था, क्योंकि पतरस पुरुष था। संज्ञा शब्द *पैट्रोस* और *पैट्रा* कई बार चाहे एक दूसरे के स्थानों पर इस्तेमाल किए जाते हैं,[15] पर इस प्रकार के संदर्भ में ऐसा कभी नहीं हुआ था। शब्द के उसके चयन से ''पतरस'' और ''पत्थर'' के बीच का अन्तर पता चल गया।

यीशु की बात के अर्थ पर आम तौर पर बहस हुई है। यह तर्क दिया गया है कि ''पत्थर'' पतरस को ही कहा गया होगा। अन्य शब्दों में मसीह ने पतरस पर अपनी कलीसिया बनानी थी। यह विचार आरम्भिक मसीहियत में इस प्रेरित द्वारा निभाई गई मुख्य भूमिका की ओर ध्यान दिलाता है, यह दावा करते हुए कि पतरस प्रमुख प्रेरित था। उसे एक महत्वपूर्ण भूमिका तो दी गई थी, परन्तु प्रमुख भूमिका नहीं। पतरस का महत्व इस तथ्य में देखा जाता है कि वह प्रेरितों की हर सूची में सबसे ऊपर आता है (10:2-4; मरकुस 3:16-19; लूका 6:14-16; प्रेरितों 1:13)। यीशु के ऊपर उठाए जाने के बाद, उस ने इन घटनाओं में प्रमुख भूमिका निभाई: प्रेरितों में यहूदा के स्थान पर नियुक्ति (प्रेरितों 1:15-22), पिन्तेकुस्त के दिन यरूशलेम में कलीसिया की स्थापना (प्रेरितों 2:14-40), सामरियों को आत्मा के आश्चर्यकर्म के दान देना (प्रेरितों 8:14-25), अन्यजातियों मे सुसमाचार फैलाना (प्रेरितों 10; 11) और यहूदी-अन्यजाति बहस को निपटाना (प्रेरितों 15:7-11)।

तर्क दिया गया है कि इस विचार को परम्परागत कैथोलिक शिक्षा को स्वीकार किए बिना बनाए रखा जा सकता है, जो यह गलत दावा करती है कि पतरस पहला पोप था और उस की गद्दी आगे चलती रहती है (''प्रेरित का उत्तराधिकारी'' की शिक्षा)। उदाहरण के लिए डेविड हिल ने पतरस की भूमिका को यहां पर परमेश्वर के इतिहास में विलक्षण माना। उसके अनुमान में यह विचार कि रोम के बिशपों की भी आज वही भूमिका है सही अनुमान नहीं है।[16] इसके अलावा डोनल्ड ए. हैग्नर ने तर्क दिया है:

> परन्तु इस आयत को इसका स्वाभाविक अर्थ देना कि पतरस वह पत्थर है जिसके ऊपर कलीसिया बनी है, किसी भी प्रकार से न तो पोपतन्त्र की पुष्टि करता है और न ही इस बात का इनकार करता है कि प्रेरितों की तरह, कलीसिया अपने अस्तित्व के मूल सिद्धांत के रूप में यीशु पर टिकी हुई है। आखिर यीशु इसका बनाने वाला है, और जो कुछ भी प्रेरित करते हैं वे सब उसी के द्वारा करते हैं। ... जैसा कि कई बार ध्यान दिलाया गया है, यहां पर पत्थर पतरस के अंगीकार को छोड़ और किसी बात को नहीं कहा गया, और यह मसीह के प्रतिनिधि के रूप में है कि अगली आयत में कही जाने वाली बात का अधिकार उसे मसीह के सुसमाचार के उसके अधिकार में देने के लिए दिया गया है।[17]

इस स्थिति को आम तौर पर इफिसियों 2:20 से जोड़ा गया है, जहां पौलुस ने कहा कि कलीसिया ''प्रेरितों और भविष्यवक्ताओं की नींव पर,[18] जिसके कोने का पत्थर मसीह यीशु स्वयं ही है'' बनी है (देखें प्रकाशितवाक्य 21:14)।

इस आयत की संरचना का एक और विचार यह है कि ''पत्थर'' पतरस के अंगीकार के लिए कि यीशु ''जीवते परमेश्वर का पुत्र मसीह'' (16:16) है। पुराना नियम भविष्यवाणी में कहता है कि मसीहा वह पत्थर होगा, जिसके ऊपर परमेश्वर का नया घर बनना था (भजन संहिता 118:22; यशायाह 28:16; दानिय्येल 2:44, 45)। नया नियम इस बात की पुष्टि करता है कि यीशु ही वह नींव है, जिसके ऊपर कलीसिया बनी है (21:42; प्रेरितों 4:10–12; 1 कुरिन्थियों 3:11; 1 पतरस 2:4–8)। यहां पर, नींव वह बुनियादी सच्चाई है कि यीशु मसीह परमेश्वर का पुत्र है, जैसा कि पतरस ने उसके होने का अंगीकार किया। जो व्यक्ति मसीह में विश्वास कर लेता है वह अपने बपतिस्मे से पहले यह अंगीकार करता है (प्रेरितों 8:37), जहां पर उसे मसीह के साथ एक करके उस की कलीसिया में मिला दिया जाता है (प्रेरितों 2:41; रोमियों 6:3–5; 1 कुरिन्थियों 12:13; गलातियों 3:26, 27)। इस प्रकार से अच्छा अंगीकार कलीसिया की नींव का जीवित अर्थात सक्रिय भाग बन जाता है।

जे. डब्ल्यू. मैक्गर्वे ने राज्य (कलीसिया) की तुलना चट्टान पर बने एक नगर से करके यह ठहराया है। मसीह इसका बनाने वाला है (16:18) और पतरस कुंजियां पकड़े इसका चौकीदार है (16:19), इस कारण पत्थर से अवश्य ही कुछ पता चलना चाहिए। अगली आयतें इस बात का सुझाव देती हैं कि अच्छा अंगीकार इसकी बुनियाद है (16:16, 17)। मैक्गर्वे ने लिखा:

> यह सच्चाई कि वह जीवते परमेश्वर का पुत्र मसीह है, मसीही सिस्टम में सबसे बुनियादी सच्चाई है। इसी पर सारा ढांचा टिका हुआ है और इस कारण उद्धारकर्त्ता की तस्वीर में पत्थर के द्वारा दिखाया जाना सबसे उपयुक्त है।[19]

मैक्गर्वे का दिया यह विचार सराहना के योग्य है। संदर्भ, शब्दों का खेल, और नये नियम की अगली शिक्षा इसे ऐसा बना देती है, जिसे दरकिनार नहीं किया जा सकता।

जिसे बनाने की यीशु योजना बना रहा था, उस का वर्णन करते हुए उस ने सम्बन्धवाचक सर्वनाम ''अपनी'' का इस्तेमाल किया। ''कलीसिया'' (*ekklēsia*) शब्द का उस का इस्तेमाल नये नियम में पहली बार मिलने वाला शब्द है। सुमसाचार मत्ती का अकेला वृत्तांत है, जिसमें इसका इस्तेमाल हुआ (16:18; 18:17)। *Ekklēsia* शब्द जिसका अनुवाद ''मण्डली'' और ''सभा'' भी हुआ है,[20] नये नियम में इसका इस्तेमाल 114 बार हुआ है। इसे विश्वव्यापी कलीसिया (इफिसियों 1:22; 5:23), किसी इलाके की मण्डलियों (1 कुरिन्थियों 16:1), किसी स्थानीय मण्डली (1 कुरिन्थियों 1:2) और इकट्ठा हुई कलीसिया (1 कुरिन्थियों 11:18; 14:28) के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। यीशु ने जब मत्ती 16:18 में *एक्क्लेसिया* शब्द का इस्तेमाल किया तो वह विश्वव्यापी कलीसिया की ही बात कर रहा था। कलीसिया मसीह की है, क्योंकि उस ने इसे अपने क्रूस के लहू से खरीदा है (प्रेरितों 20:28; 1 पतरस 1:18, 19; देखें 1 कुरिन्थियों 6:20)। रॉबर्ट एच. गुंडरी का विचार था कि मत्ती में ''अपनी कलीसिया'' वाक्यांश ''उनके [या, 'तुम्हारे'] आराधनालय'' के विपरीत है (4:23; 9:35; 10:17; 12:9; 13:54; 23:34)।[21]

यीशु ने पतरस को और बताया कि **अधोलोक के फाटक इस पर प्रबल न होंगे**। KJV में ''नरक के फाटक'' है जो ''हेडिस'' (*Haidēs*) का गुमराह करने वाला अनुवाद है। नये नियम में, ''अधोलोक'' (हेडिस) अर्थात मृतकों के संसार को आम तौर पर ''नरक'' (*gehenna*) अर्थात अन्तिम दण्ड के स्थान से अलग किया जाता है। जैक पी. लुईस ने बताया है कि जब KJV का अनुवाद हुआ था उस समय ''नरक'' के लिए अंग्रेजी शब्द का इस्तेमाल दोनों यूनानी शब्दों के अनुवाद के लिए किया गया। उस समय, ''हेडिस'' अंग्रेजी भाषा में प्रसारित करने का आरम्भ ही था। इस आयत में अधिकतर आधुनिक अनुवादों में ''नरक के फाटक'' या इससे मिलता-जुलता शब्द है।[22]

प्राचीन जगत में किसी नगर की रक्षा के लिए फाटक महत्वपूर्ण होते थे और वे उस की शक्ति का प्रतीक होते थे। ''अधोलोक'' के लिए यूनानी शब्द ''हेडिस'' (*Haidēs*) ''शियोल'' (*Sh^{e}ol*) के लिए इब्रानी शब्द (*sheol*) से मेल खाता है। दोनों शब्द मृतकों के संसार का अर्थ देते हैं। यीशु ने मृत्यु के संसार और शक्ति की बात करने के लिए ''फाटकों'' और ''हेडिस'' की दो अवधारणाओं को मिला दिया (देखें RSV; TEV; NEB; REB)। इसकी पुष्टि पुराने नियम में अंग्रेजी अनुवादों में ''शियोल के फाटक'' और ''मृत्यु के फाटक'' वाक्यांशों के इस्तेमाल से होती है (अय्यूब 17:16 [NIV]; 38:17; भजन संहिता 9:13; 107:18; यशायाह 38:10)। यूनानी साहित्य में भी ''हेडिस के फाटकों'' और ''मृत्यु के फाटकों'' वाक्यांश मृत्यु के दायरे और कब्जे का अर्थ देते हैं।[23] अपोक्रिफा अर्थात अप्रामाणिक पुस्तकों में से एक यह कहते हुए कि वह ''नाशवानों को अधोलोक के फाटकों तक नीचे और फिर वापस'' ले जाता है, परमेश्वर के पास ''जीवन और मृत्यु पर शक्ति'' को दिखाती है।[24]

यीशु ने कहा कि अधोलोक के फाटक (मृत्यु की शक्ति) इस पर प्रबल नहीं होगी।'' इसका क्या अर्थ था? कम से कम दो सामान्य व्याख्याएं हो सकती हैं। एक तो यह है कि सर्वनाम

''इस'' कलीसिया की वास्तविक बनावट को कहा गया है। मृत्यु ने यीशु को अपना राज्य स्थापित करने से रोकना नहीं था। यह विचार अलग संदर्भ में मिलता है, जहां यीशु ने अपनी मृत्यु और जी उठने की भविष्यवाणी की (16:21)। पिन्तेकुस्त वाले दिन पतरस ने प्रचार किया, ''उसी को परमेश्वर ने मृत्यु के बंधनों से छुड़ाकर जिलाया; क्योंकि यह अनहोना था कि वह उसके वश में रहता''; और ''न तो उस का प्राण अधोलोक में छोड़ा गया और न उस की देह सड़ने पाई'' (प्रेरितों 2:24, 31)। पौलुस ने लिखा कि ''मसीह मरे हुओं में से जी उठकर फिर मरने का नहीं; उस पर फिर मृत्यु की प्रभुता नहीं होनी थी'' (रोमियों 6:9; NRSV)। परन्तु यदि यीशु बनाने की प्रक्रिया की बात कर रहा था तो हमें सर्वनाम के अक्रामक होने की उम्मीद होनी थी।

दूसरी व्याख्या यह है कि सर्वनाम शब्द ''इस'' (*autēs*) स्त्री लिंग में है और यह कलीसिया के लिए ही है। इस व्याख्या को मानने पर हम यही निष्कर्ष निकालेंगे कि प्रभु का राज्य सनातन है और इसे कभी पराजित नहीं किया जा सकता (दानिय्येल 2:44)। और स्पष्ट रूप में हम कहेंगे कि सताव से इसे रोका नहीं जा सकता। यही विषय अध्याय के संदर्भ में भी मिलता है। यीशु ने अपने चेलों को समझाया कि यदि उन्हें शहादत भी देनी पड़े तो वे अपना इनकार करके उसके पीछे चलते रहें (16:24-27)।

बताए जाने के लिए एक और विचार यह तथ्य है कि मृत्यु में मसीही लोगों को कब्जे में रखने की सामर्थ नहीं है (1 कुरिन्थियों 15:50-57)। प्रकाशितवाक्य में मसीह को ''मृत्यु और अधोलोक की कुंजियां'' लिए हुए दिखाया गया है (प्रकाशितवाक्य 1:18)। अंत में ''मृत्यु और अधोलोक'' अपने मुर्दे दे देंगे और उन्हें आग की झील में फैंक दिया जाएगा (प्रकाशितवाक्य 20:13, 14)।

यीशु: ''मैं तुझे स्वर्ग के राज्य की कुंजियां दूंगा'' (16:19, 20)

[19]''मैं तुझे स्वर्ग के राज्य की कुंजियां दूंगा: और जो कुछ तू पृथ्वी पर बांधेगा, वह स्वर्ग में बंधेगा; और जो कुछ तू पृथ्वी पर खोलेगा, वह स्वर्ग में खुलेगा।'' [20]तब उस ने चेलों को चिताया कि किसी से न कहना कि मैं मसीह हूं।

आयत 19. अपनी कलीसिया बनाने की प्रतिज्ञा करने के बाद (16:18), यीशु ने पतरस को वचन दिया, ''**मैं तुझे स्वर्ग के राज्य की कुंजियां दूंगा**।'' ऐसा लगता है कि वह ''कलीसिया'' और ''राज्य'' शब्दों का इस्तेमाल एक-दूसरे के स्थान पर अदल-बदलकर कर रहा है। मसीह ने वायदा किया कि राज्य (कलीसिया) उसके प्रेरितों के जीवनकाल में ही आना था (16:28), और अन्य आयतें इसकी पहली शताब्दी के दूसरे भाग में वर्तमान वास्तविकता के रूप में होने की बात करती हैं (कुलुस्सियों 1:13; इब्रानियों 12:28; प्रकाशितवाक्य 1:9)।

कुंजियों का इस्तेमाल ताला लगे दरवाजों को खोलने के लिए किया जाता है यानी वे प्रवेश करने का माध्यम हैं।[25] पवित्र शास्त्र में ''कुंजियों'' का इस्तेमाल आम तौर पर किसी विशेष क्षेत्र पर किसी के अधिकार और जिम्मेदारी के होने का संकेत देने के लिए प्रतीकात्मक अर्थ में किया गया है (यशायाह 22:22; प्रकाशितवाक्य 1:18; 3:7; 9:1; 20:1)। पिन्तेकुस्त वाले दिन, पतरस ने यहूदियों के लिए राज्य के द्वार खोलने के लिए कुंजियों का इस्तेमाल किया, यानी उस

ने सुसमाचार सुनाया (प्रेरितों 2:14-42)। कुछ देर बाद उस ने अन्यजातियों के लिए राज्य के द्वार खोलने के लिए उन्हीं कुंजियों का इस्तेमाल किया (प्रेरितों 10:34-48; 15:7)।

परन्तु ये कुंजियां पतरस की निजी सम्पत्ति नहीं थी; दूसरे प्रेरितों को भी वही अधिकार दिया गया था (28:18-20; मरकुस 16:15, 16; लूका 24:47; प्रेरितों 2:14)। इसके अलावा अन्य प्रेरितों द्वारा भी कुंजियों का इस्तेमाल किया गया, जिन्होंने उन लोगों के लिए जिन्होंने सुसमाचार का प्रचार सुना, स्वर्ग का रास्ता खोल दिया (प्रेरितों 8:4-13, 26-40; 16:14, 15, 25-34)। उन कंजियों का इस्तेमाल और उन विश्वासी मसीहियों द्वारा किया जा रहा है, जो पूरे संसार में दूसरे लोगों के साथ मसीह का सुसमाचार बांट रहे हैं।

''कुंजियों'' के रूप में सुसमाचार प्रचार करने के अधिकार की जड़ें यहूदी मत में हैं। देखा गया है कि ''कुंजी देना शास्त्री के ठहराए जाने का भाग था।''[26] तालमुड में, कुंजियां किसी रब्बी के सिखाने के अधिकार का संकेत हैं।[27] यीशु ने उन शास्त्रियों और फरीसियों को डांट लगाई, जो ''मनुष्यों के लिए स्वर्ग के राज्य का द्वार बन्द करते [या 'ताला लगाते']'' थे (23:13)। उस ने ''ज्ञान की कुंजी ले'' लेने के कारण व्यवस्थापकों का विरोध किया (लूका 11:52)। अपने हठधर्म और कपट के कारण इन धार्मिक अगुओं ने लोगों के लिए पवित्र शास्त्र का सही अर्थ समझना और यीशु के विषय में सच्चाई को स्वीकार करना कठिन बना दिया था। इस प्रकार वे लोगों को राज्य में प्रवेश करने से निराशा करते थे।

यीशु ने पतरस को बताना जारी रखा, ''**जो कुछ तू पृथ्वी पर बांधेगा, वह स्वर्ग में बंधेगा; और जो कुछ तू पृथ्वी पर खोलेगा, वह स्वर्ग में खुलेगा**।'' कुछ ही देर के बाद प्रभु ने ऐसा ही वायदा सब प्रेरितों से किया (18:18)। NASB में दोनों आयतों में पूर्ण क्रियाओं (''बांधा जाएगा,'' ''खोला जाएगा'') का सबसे स्पष्ट इस्तेमाल किया है। यीशु कलीसिया के लिए अपने नियम आरम्भ करने के अधिकार पतरस और अन्य प्रेरितों को नहीं दे रहा था। इसके विपरीत उन्हें वे सब बातें सिखाने के लिए जिनकी यीशु ने उन्हें आज्ञा दी थी पवित्र आत्मा के द्वारा प्रेरणा दी जानी थी-वे सच्चाइयां जो मूल में उसे स्वर्ग में पिता से मिली थीं (28:20; यूहन्ना 14:15-17, 26; 15:26, 27; 16:12-15)।

यीशु के समय ''बांधना'' और ''खोलना'' में प्रसिद्ध शब्द थे, जो आमतौर पर विचार की विभिन्न यहूदी पाठशालाओं में पाए जाते थे। इन शब्दों से इस बात को परिभाषित किया जाता था कि क्या आवश्यक है और क्या नहीं, क्या व्यवस्था के अनुसार (अनुमति के योग्य) है और क्या व्यवस्था के विरुद्ध (अनुमति के अयोग्य) है। लाइटफुट ने रब्बियों के साहित्य से उदाहरणों की एक सूची इकट्ठी की है, जिसमें अधिकतर हिलेल की उदारवादी पाठशाला के विरुद्ध शम्मई की रूढ़िवादी पाठशाला में से है। इन उद्धरणों में से कइयों में कहा गया है, ''शम्मई की पाठशाला इसे बांध देती है, परन्तु हिलेल की पाठशाला इसे खोल देती है।''[28]

पतरस और अन्य प्रेरितों ने वास्तव में क्या बांधा और खोला? प्रेरितों के काम अध्याय 2 से लेकर उन्हें जैसा कि यीशु ने पहले सिखाया था, पापों की क्षमा पाने और कलीसिया में मिलाए जाने के लिए विश्वास, मन फिराव और बपतिस्मा लेना आवश्यक था (प्रेरितों 2:38-41)। क्षमा की इन शर्तों का प्रेरितों का प्रचार यूहन्ना 20:23 के कठिन वचन को समझा देता है: ''जिस के पाप तुम क्षमा करो, वे उनके लिए क्षमा किए गए हैं, जिन के तुम रखो, वे रखे गए हैं।'' केवल

एक ही अर्थ, जिसमें उन्होंने पाप क्षमा किए वह लोगों को उनके बताने से था कि उद्धार के लिए यीशु की क्या शर्त है। समय बीतने पर प्रेरितों ने कलीसिया और विश्वासयोग्य मसीही जीवन के लिए आवश्यक हर बात सिखा दी। आरम्भिक विश्वासी उनके अधिकार को मानते थे और अपने आपको ''प्रेरितों की शिक्षा'' को समर्पित करते थे (प्रेरितों 2:42)। जब इस शिक्षा का उल्लंघन होता तो परमेश्वर की प्रेरणा पाए हुए प्रेरित कलीसिया के अनुशासन के मामलों में भी अधिकार का इस्तेमाल करते थे। पतरस ने पवित्र आत्मा से झूठ बोलने के लिए हनन्याह और सफीरा का (प्रेरितों 5:1-11) और आश्चर्यकर्म करने के दान देने की सामर्थ को खरीदने की कोशिश के लिए शमौन का सामना किया (प्रेरितों 8:18-24)।

आयत 20. इस बातचीत के बाद यीशु ने अपने चेलों को निर्देश दिया **कि किसी से न कहना कि मैं मसीह हूं**। पतरस ने यीशु को मसीह और परमेश्वर का पुत्र होने का अंगीकार किया था (16:16), यानी ऐसा विश्वास, जिसे बेशक अन्य प्रेरितों में भी पाया गया (14:33)। परन्तु उसे और शेष बारह को इसका जो अर्थ था उस की केवल ऊपरी समझ थी। बाद में यीशु ने उन्हें इसके पूरे अर्थ को समझाना था (16:21)। पृथ्वी पर उस का समय खत्म होने जा रहा था पर उस की वास्तविक पहचान ठहराए हुए समय से पहले प्रगट हो जाती तो परमेश्वर की योजना में उस की सेवकाई गड़बड़ा जानी थी। जब समय सही था, तो यीशु निडरता से यह प्रगट करने से नहीं झिझका कि वह कौन है (26:63, 64; 27:11)।

❖❖❖❖❖ **सबक** ❖❖❖❖❖

यीशु के रूप (16:13-20)

मत्ती 16:13-20 इस सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न से सम्बन्धित है कि यीशु कौन था। एक धार्मिक समाचार पत्र के सम्पादकीय में चार ''यीशु की आकृतियां'' की बात की गई।[29] हम किस यीशु में विश्वास करें? क्या यह मुक्त बाजार वाला मसीहा है जो वैश्विक भौतिकवाद के पक्ष में है? क्या यह शांति और न्याय वाला यीशु, वामपंथी नासरी है जो यथास्थिति को लड़खड़ा देता और समुदाय को ऊंचा करता है? क्या यह (परमेश्वर के) मेमने की खामोशी वाला यीशु, कलीसिया का मसीह है अर्थात संदेहवादी है, जो नये नियम में अपने लिए कही गई अधिकतर बातों पर संदेह करता है? क्या यह फिर से आया छुड़ाने वाला है, जिसका द्वितीय आगमन उन लोगों के लिए जिनकी इस बुरे संसार के लिए आशा का भस्म करने वाला नाटक यह प्रभाव देता है कि शैतान के पास परमेश्वर से अधिक शक्ति है?

नासरत के तुच्छ से गांवों का यह बढ़ई था कौन? क्या यीशु नासरी सचमुच में परमेश्वर का पुत्र था या उन कई कपटियों में से एक जो उसके बाद आए हैं? कुछ लोगों ने यह कहते हुए समझौता करने की कोशिश की है कि वह एक महान व्यक्ति, महान दार्शनिक, सबसे बड़ा गुरु और मनुष्यों का अब तक का अगुआ या शायद नबी था, पर परमेश्वर का पुत्र नहीं। बीच की कोई बात नहीं हो सकती। या तो यीशु वह सब कुछ था जो होने का उस ने दावा किया, या अब तक का संसार का सबसे बुरा छलिया और झूठा था।

यीशु की पहचान (16:13-20)

हमें यीशु की पहचान का कैसे पता है ?

1. *मसीह के दावों की बाइबल की गवाही।* यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले ने मसीह के वही होने की पुष्टि की, जिसका रास्ता तैयार करने के लिए वह आया था, कि वह परमेश्वर का मेमना है जो जगत के पाप उठा ले जाता है और वह परमेश्वर का पुत्र (यूहन्ना 1:29-34; देखें 5:33-35)।

परमेश्वर ने दो अवसरों पर, यीशु को अपना पुत्र होने का दावा किया जिसमें एक तो उसके बपतिस्मे के समय (3:16, 17) जो भविष्यवाणी का पूरा होना था (यशायाह 11:1, 2) और दूसरा रूपांतर के समय था (17:5; लूका 9:35)। पतरस ने बाद में यह कहते हुए इस घटना को लिखा कि याकूब और यूहन्ना के साथ उस ने ''यही वाणी आते सुणी'' (2 पतरस 1:17, 18; देखें यूहन्ना 5:37, 38)।

यीशु ने कहा कि उसके कामों से साबित हो गया कि उसे पिता की ओर से भेजा गया था (यूहन्ना 5:36)। पौलुस के अनुसार सबसे पक्की गवाही उस का जी उठना था, जिससे उसके ''सामर्थ के साथ परमेश्वर का पुत्र'' होने की घोषणा हुई (रोमियों 1:4)।

2. *भविष्यवाणी का पूरा होना।* पवित्र शास्त्र में मसीहा से जुड़ी कई भविष्यवाणियां हैं। ये भविष्यवाणियां यीशु मसीह में पूरी हुईं, जैसा कि आमतौर पर मत्ती में बताया गया है:

- एक अग्रदूत की प्रतिज्ञा की गई थी (यशायाह 40:3; मलाकी 3:1; 4:5; मत्ती 3:3)।
- उस ने कुंवारी से जन्म लेना था (यशायाह 7:14; मत्ती 1:18-25)।
- उसके जन्म का लगभग समय दिया गया था (दानिय्येल 9:25; लूका 2:1-7)।
- उसके जन्म का स्थान बताया गया था (मीका 5:2; मत्ती 2:1-6)।
- उसके जन्म से एक तारा जुड़ा हुआ था (गिनती 24:17; मत्ती 2:2)।
- उस जाति (उत्पत्ति 12:1-3), गोत्र (उत्पत्ति 49:10) और परिवार (यशायाह 11:1; यिर्मयाह 23:5) जिसमें से उस ने आना था, सब की भविष्यवाणी की गई थी (मत्ती 1:1-6)।

ये सभी बातें वैसे की वैसे पूरी हुईं जैसे इनकी भविष्यवाणी की गई थी। इसके अलावा मसीहा के जीवन की बहुत सी घटनाओं की भविष्यवाणी की गई थी:

- उसे ''मिस्र में से'' बुलाया जाना था (होशे 11:1; मत्ती 2:15)।
- उस ने बड़े-बड़े काम करने थे (यशायाह 35:5, 6; मत्ती 11:2-5)।
- उसे ठुकराया जाना थे (यशायाह 53:3; यूहन्ना 1:11)।

उस की मृत्यु के आस-पास की घटनाओं की भी भविष्यवाणी की गई थी:

- उसके पकड़वाए जाने की कीमत के साथ-साथ यह भी बताया गया था कि वह कितना धन होगा (जकर्याह 11:12, 13; मत्ती 27:3-10)।
- उस की पेशियों और उसके दुख भोगने के दौरान उसके व्यवहार का वर्णन किया गया था (यशायाह 53:7-9; मत्ती 27:12-14; प्रेरितों 8:32-35)।

- जिस ढंग से उस की मृत्यु होनी थी, उस की भी भविष्यवाणी हुई थी (भजन संहिता 22:16-18; मत्ती 27:35)।
- उस की एक भी हड्डी तोड़ी नहीं जानी थी (भजन संहिता 34:20; यूहन्ना 19:32, 33)।
- उसे एक विशेष प्रकार की कब्र में दफ़नाया जाना था (यशायाह 53:9; मत्ती 27:60)।

अन्त में उसके जी उठने (भजन संहिता 16:10; प्रेरितों 2:31) और उसके ऊपर उठाए जाने (भजन संहिता 68:18; प्रेरितों 1:9, 10; इफिसियों 4:8) की भी भविष्यवाणी हुई थी और वह पूरी भी हुई।

3. *दूसरों की गवाही।* मसीहियत के एक आरम्भिक विरोधी सेल्सस (दूसरी शताब्दी ईस्वी) ने माना कि मसीह ने आश्चर्यकर्म किए थे सवाल केवल उसी सामर्थ के स्रोत पर सवाल उठाते हुए।[30] जस्टिन मार्टिर (लगभग 100-165 ईस्वी) ने हर प्रकार के रोग और बीमारी को चंगा करने की यशायाह की भविष्यवाणी को मसीह द्वारा पूरा करने की बात की। उस ने लिखा, ''तुम्हें ऐक्टस ऑफ़ पोंटियुस पाइलेट से पता चल सकता है [कि उस ने ये चीज़ें कीं]।''[31] यहूदी इतिहासकार जोसेफस ने लिखा है:

> अब इसी समय के आस पास, यीशु, एक बुद्धिमान मनुष्य, यदि उसे मनुष्य कहना उचित है तो, क्योंकि वह अद्‌भुत काम करने वाला, ऐसे लोगों का शिक्षक था जो सच्चाई को आनन्द से ग्रहण करते थे। उस ने बहुत से यहूदियों और बहुत से अन्यजातियों को अपनी ओर खींचा। वह ख्रिस्त था; जब पिलातुस ने, उनमें से प्रमुख लोगों के सुझाव पर उसे क्रूस का दण्ड दे दिया था, तो उससे प्रेम करने वालों ने पहले उसे नहीं छोड़ा, क्योंकि वह उन्हें तीसरे दिन पुनः जीवित दिखाई दिया; जैसा कि ईश्वरीय भविष्यवक्ताओं ने उसके विषय में ये और दस हज़ार अन्य अद्‌भुत बातों की भविष्यवाणी की थी। और मसीही लोगों का समुदाय, जिसे उसके नाम से जाना जाता है, आज के दिन तक मिटा नहीं है।[32]

जोसेफस की रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है कि मसीह अपने जीवन के दौरान ''भलाई करता'' रहा (प्रेरितों 10:38)।

यीशु नासरी कौन था? (16:13-20)

अपनी पहचान के बारे में यीशु के प्रश्न का उत्तर आज भी बहुत महत्वपूर्ण है। हम यीशु में विश्वास करते हैं, परन्तु हम किस प्रकार के यीशु में विश्वास करते हैं? वह गलीली मनुष्य कौन था?

प्रमाण यीशु के दावों को साबित करता है। उस ने ईश्वरीय होने का दावा किया (लूका 22:69, 70; यूहन्ना 14:7-11)। उस का प्रमाण पूरी हुई भविष्यवाणी, उसके कामों (11:2-5; लूका 4:16-21) और यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले (यूहन्ना 1:29-36) और स्वयं परमेश्वर (3:16, 17; 17:5) की गवाही में था।

यदि यीशु परमेश्वर का पुत्र न होता तो इसके क्या परिणाम होते? हमारा प्रचार व्यर्थ होता। प्रेरित और पहली सदी के वे सब मसीही लोग जो कहते थे कि उन्होंने उसे जी उठने के बाद देखा, उसके झूठे गवाह होते। हमारे प्रियजन जो मसीह में मरे हैं, कभी दोबारा न जीते और पृथ्वी पर सबसे दयनीय हालत मसीही लोगों की होती। इसके विपरीत पौलुस ने कहा कि यीशु जीया, वह मरा, वह मुर्दों में से जी उठा और आज भी जीवित है (1 कुरिन्थियों 15:13-19)।

पतरस का अंगीकार (16:16)

यह अंगीकार करने वाला कि यीशु परमेश्वर का पुत्र है पतरस पहला व्यक्ति नहीं था, परन्तु इतने सम्पूर्ण ढंग से अंगीकार करने वाला वह पहला व्यक्ति ही था (16:16)। हमें यीशु की बात पर विश्वास करना होगा, जो उस ने कहा कि ''मैं वही हूं'' (यूहन्ना 8:23-30)। हमें परमेश्वर के पुत्र के रूप में उस में विश्वास करके दूसरों के सामने अंगीकार करना होगा कि वह सचमुच में वही है (10:32, 33)।

मसीह की कलीसिया (16:18)

यीशु ने कहा, ''मैं अपनी कलीसिया बनाऊंगा'' (16:18)। ''अपनी'' सम्बन्धवाचक सर्वनाम है जो स्वामित्व का संकेत देता है। कलीसिया मसीह की है क्योंकि उस ने इसे अपने ही लहू से खरीदा है (प्रेरितों 20:28; 1 पतरस 1:18, 19; देखें 1 कुरिन्थियों 6:20)। कलीसिया उस की देह (इफिसियों 1:22, 23; कुलुस्सियों 1:18), उस की दुल्हन (प्रकाशितवाक्य 21:1, 2; देखें रोमियों 7:1-4; इफिसियों 5:22, 23), उस का झुंड (यूहन्ना 10:14-16; 1 पतरस 5:1-4) और परमेश्वर का परिवार (1 तीमुथियुस 3:15) है। पवित्र शास्त्र ने कलीसिया को चाहे कई अलग-अलग विवरणात्मक शब्दों या शीर्षकों से दिखाया गया है परन्तु यह भी स्पष्ट किया गया है कि कलीसिया मसीह की ही है।

यह सही है तो किसी को मसीह की देह को ''मसीह की कलीसियाएं'' कहने में आपत्ति क्यों होनी चाहिए? कलीसिया के लिए यह बाइबल का दिया नाम है (रोमियों 16:16)। हमें यह ज़िद तो नहीं करनी चाहिए कि केवल एक ही नाम है, जिससे कलीसिया को जाना जा सकता है परन्तु पवित्र शास्त्र में उस कलीसिया की पहचान के लिए जो मसीह की है, जो इसके लिए मर गया, यही वाक्यांश इस्तेमाल किया गया है (इफिसियों 5:25)।

टिप्पणियां

[1]जोसेफस *वार्स* 3.10.7. [2]बेर्शेबा इस्राएल के दक्षिणी भाग यहूदा में था। [3]देखें न्यायियों 20:1; 1 शमूएल 3:20; 2 शमूएल 3:10; 17:11; 24:2, 15; 1 राजाओं 4:25; 1 इतिहास 21:2; 2 इतिहास 30:5. [4]जोसेफस *एन्टिक्विटीस* 18.2.1; *वार्स* 2.9.1. [5]जोसेफस *वार्स* 3.9.7; 7.2.1. [6]जोसेफस *एन्टिक्विटीस* 15.10.3. [7]जोसेफस *लाइफ* 13. [8]डेविड हिल, द *गॉस्पल ऑफ़ मैथ्यू*, द न्यू सेंचुरी बाइबल कमैंट्री (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. ईर्डमैंस पब्लिशिंग कं., 1972), 259-60. हिल ने लिखा है कि यहूदियों ने द *अज़म्पशन ऑफ़ मोज़स* और द *असेंशन आइज़या* में मूसा और यशायाह के बारे में ऐसी परम्पराएं व्यक्त कीं। [9]*एस्ड्रास* 2.18. [10]सहदर्शी समानांतर विवरणों में मरकुस में केवल ''मसीह'' लिखा है (मरकुस 8:29), जबकि लूका ने ''परमेश्वर का मसीह'' दिया है (लूका 9:20)।

[11]छद्म पुस्तकों में एक यहूदी धर्मशास्त्र में कहा गया है, ''देख, हे प्रभु, और उनके लिए राजा अर्थात दाऊद के पुत्र को अपने दास इस्राएल पर तुझे ज्ञात समय में शासन करने के लिए, हे परमेश्वर, उनके लिए राजा खड़ा कर। अधर्मी शासकों को नष्ट करने, यरूशलेम को अन्यजातियों से जो उसे विनाश के लिए रौंदते हैं दोषमुक्त करने के लिए सामर्थ के साथ उसे पैंदी के नीचे से बांध ले'' (*सुलैमान के भजन* 17.21, 22)। [12]जॉन लाइटफुट *ए कमैंट्री ऑन द न्यू टैस्टामैंट फ्रॉम द टालमुड एंड हेब्रेका: मैथ्यू–1 कोरिन्थियंस,* अंक 2, *मैथ्यू–मार्क* (ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रैस, 1859; रिप्रिंट, ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर, 1979), 234. उदाहरण के लिए देखें टालमुड *बेराक्रोथ* 28बी. [13]वाल्टर बाउर, *ए ग्रीक–इंग्लिश लैक्सिकन ऑफ़ द न्यू टैस्टामैंट एंड अदर अर्ली क्रिश्चियन लिटरेचर,* 3रा संस्क., संशो. एवं संपा. फ्रैडरिक डब्ल्यू. डैंकर (शिकागो: यूनिवर्सिटी ऑफ़ शिकागो प्रैस, 2000), 809. [14]वही। [15]*जौंडरवन इलस्ट्रेटिड बाइबल बैक्ग्राउंड्स कमैंट्री,* अंक 1, *मैथ्यू, मार्क, लूक,* संपा. क्लिंटन ई. अरनोल्ड (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: जौंडरवन, 2002), 102 में माइकल जे. विलकिन्स, ''मैथ्यू।'' [16]हिल, 262. [17]डोनल्ड ए. हैग्नर, *मैथ्यू 14–28,* वर्ड बिब्लिकल कमैंट्री, अंक 33बी (डलास: वर्ड बुक्स, 1995), 470. [18]परन्तु कुछ लोग इफिसियों 2:20 में ''नींव'' का अर्थ प्रेरितों के बजाय प्रेरितों की शिक्षा लेते हैं। [19]जे. डब्ल्यू. मैक्गर्वे, *द न्यू टैस्टामैंट कमैंट्री,* अंक 1, *मैथ्यू एंड मार्क* (पृष्ठ नहीं, 1875; रिप्रिंट, डिलाइट, आरकैंसा: गॉस्पल लाइट पब्लिशिंग कं., तिथि नहीं), 145. [20]नये नियम में चाहे ''मण्डली'' और ''सभा'' का इस्तेमाल कलीसिया को दर्शाने के लिए किया गया है, परन्तु ये शब्द लोगों के अन्य समूहों के लिए भी इस्तेमाल हो सकते हैं। सप्तत्ति अनुवाद में *एक्लेसिया* का अर्थ आमतौर पर इस्राएल की ''कलीसिया'' (देखें प्रेरितों 7:38) है। यूनानी शब्द *एक्लेसिया* का इस्तेमाल स्वतन्त्र नागरिकों की ''सभा'' को दर्शाने के लिए किया गया (देखें प्रेरितों 19:32, 39, 41)।

[21]रॉबर्ट एच. गुंड्री, *मैथ्यू: ए कमैंटरी आन हिज़ लिटरेरी एंड थियोलॉजिकल आर्ट* (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. ईर्डमैंस पब्लिशिंग कं., 1982), 331. [22]जैक पी. लुईस, '' 'द गेट्स ऑफ हैल शैल नॉट प्रिवेल अगेंस्ट इट' (मैथ्यू 16:18): ए स्टडी ऑन हिस्ट्री ऑफ़ इंटरप्रिटेशन,'' *जरनल ऑफ इवैंजलिकल थियोलॉजिकल सोसायटी* 38 (सितंबर 1995): 353. [23]होमेर *ओडीसी* 14.156; *इलियाड* 5.646; एशिलुस *एगामैम्नन* 1291; हेसियोड *थियोगोनी* 668, 774; यूरिपाइड्स *हिपोलिटुस* 56–57, 1447; *हेकुबा* 1–2; डायोजीन्स लेरटियुस 10.126. [24]प्रज्ञा ग्रंथ 16:13 (NRSV); देखें 3 मक्काबियों 5:51. [25]फलस्तीन के प्राचीन दरवाजों की कुंजियों के लिए देखें विलकिन्स, 103. [26]*द इंटरनैशनल स्टैंडर्ड बाइबल इनसाइक्लोपीडिया,* संशो. संस्क., संपा. ज्योफ्री डब्ल्यू. ब्रोमिले (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. ईर्डमैंस पब्लिशिंग कं., 1986), 3:10 में ऑर्थर स्केविंग्टन वुड, ''की।'' [27]टालमुड *शब्बथ* 31एबी। [28]लाइटफुट, 236–41. [29]ये विवरण रे वैडल, ''यीअर आफ़ जीज़स ... बट विच वन एण्ड वर बिलीफ़्स?'' *द नैशविले टैनिसियन* (11 दिसंबर 2004): बी3. [30]ओरिगन *अगेंस्ट सेल्सस* 1.6. ओरिगन ने सेल्सस के *टू वर्ड* एक काम के उत्तर में लिखा जो केवल ओरिगन के हवालों में ही पाया जाता है।

[31]जस्टिन मार्टिर *अपोलोजी* 1.48. [32]जोसेफस *एन्टिक्विटीस* 18.3.3. बहुत से विद्वानों का चाहे यह मानना है कि जोसेफस के इस उद्धरण को मसीही लोगों द्वारा सम्पादित किया गया था, परन्तु वे आम तौर पर स्वीकार करते हैं कि इसमें इस यहूदी इतिहासकार की लिखी मौलिक सच्चाइयां हैं। (ली स्ट्रोबल, *द केस फॉर क्राइस्ट* [ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: जौंडरवन पब्लिशिंग हाउस, 1998], 78–80 में चर्चा देखें।)